राजस्थान सरकार
खान (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांकः प.11(1)(90)खान / ग्रुप–2 / 2019 जयपुर, दिनांकः 31.05.2019

# आदेश

श्री बी.एस. राठौड, अतिरिक्त निदेशक, भूविज्ञान का स्थानान्तरण / पदस्थापन अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम विभाग से अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान) खान एवं भूविज्ञान विभाग, बीकानेर के पद पर इस विभाग के आदेश क्रमांकः प.1(3)खान / ग्रुप–2018 दिनांक 06.03.2019 द्वारा किये जाने पर उनके द्वारा उक्त स्थानान्तरण / पदस्थापन के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में दायर अपील संख्या 596 / 2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 29.05.2019 की अनुपालना में निम्नानुसार आदेश जारी किये जाते है :–

1. श्री बी.एस. राठौड, अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान), अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम विभाग, जयपुर (स्थानान्तरणाधीन अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान), खान एवं भूविज्ञान विभाग, बीकानेर) को आदेश दिये जाते है कि वे माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर के आदेश दिनांक 29.05.2019 एवं विभाग के आदेश क्रमांकः प.1(3)खान / ग्रुप–2018 दिनांक 06.03.2019 की अनुपालना में अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान), बीकानेर के पद पर तुरन्त प्रभाव से उपस्थिति देवे एवं शासन को सूचित करें ।

2. श्री आशुतोष भारद्वाज, अधीक्षण भूवैज्ञानिक जो अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम निदेशालय, पेट्रोलियम विभाग, जयपुर के पद पर पद विरूद्ध पदस्थापित है, का स्थानान्तरण / पदस्थापन तुरन्त प्रभाव से अधीक्षण भूवैज्ञानिक (एरियल सर्वे), कार्यालय अतिरिक्त निदेशक (खान), जयपुर के पद पर किया जाता है ।

   चूंकि श्रीं भारद्वाज वर्तमान में राज्य सरकार से अनुमति प्राप्त कर विदेश यात्रा पर है, अतः विदेश यात्रा से लौटने पर श्री भारद्वाज अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम का कार्यभार, निदेशालय पेट्रोलियम विभाग में पदस्थापित श्री मनीष माथुर, उप निदेशक को संभला कर उनके नवीन पदस्थापन स्थान अधीक्षण भूवैज्ञानिक (एरियल सर्वे), कार्यालय अतिरिक्त निदेशक (खान), जयपुर के पद का कार्यभार संभालेगें ।

आज्ञा से,

31.5.2019

(डा0 बी.डी. कुमावत)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित है :—

1. सचिव, माननीय राज्यपाल महोदय, राजस्थान, जयपुर ।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री खान विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर ।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, खान एवं पेट्रोलियम विभाग, जयपुर।
6. निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान उदयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश विभाग की वेबसाईट पर तुरन्त अपलोड करावे।
7. निदेशक, पेट्रोलियम विभाग, जयपुर को भेज कर लेख है कि :—
    1. श्री बी.एस. राठौड, अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान), अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम जयपुर (स्थानान्तरणाधीन अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान), खान एवं भूविज्ञान विभाग, बीकानेर) को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान), खान एवं भूविज्ञान विभाग, बीकानेर के पद पर उपस्थिति देने हेतु निर्देशित कर शासन को अवगत करावें ।
    2. श्री आशुतोष भारद्वाज, अधीक्षण भूवैज्ञानिक जो अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम निदेशालय, पेट्रोलियम विभाग, जयपुर के पद पर पद विरूद्ध पदस्थापित है, को श्री भारद्वाज के विदेश यात्रा से लौटने पर अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम का कार्यभार निदेशालय पेट्रोलियम विभाग में पदस्थापित श्री मनीष माथुर, उप निदेशक को संभला कर उनके नवीन पदस्थापन स्थान अधीक्षण भूवैज्ञानिक (एरियल सर्वे), कार्यालय अतिरिक्त निदेशक (खान), जयपुर के पद का कार्यभार संभालने हेतु कार्यमुक्त करें ।
8. अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन), निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान उदयपुर ।
9. अतिरिक्त निदेशक, खान, खान एवं भूविज्ञान विभाग, जयपुर ।
10. अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान), खान एवं भूविज्ञान विभाग, बीकानेर ।
11. श्री बी.एस. राठौड, अतिरिक्त निदेशक (भूविज्ञान), अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम निदेशालय पेट्रोलियम, जयपुर मार्फत, निदेशक, पेट्रोलियम विभाग, जयपुर ।
12. श्री आशुतोष भारद्वाज, अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम (पद विरूद्ध) मार्फत, निदेशक, पेट्रोलियम विभाग, जयपुर ।
13. पत्रावली क्रमांक प.8(2)खान/ग्रुप–1/2019
14. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली ।

31.5.2019

संयुक्त शासन सचिव